	खनिज का नाम	रायल्टी की दर (रु० में देय)
(2)	पश्चिम बंगाल और असम में उत्पादित कोयला	(0-10) प्रतिटन
3.	**खनिज तेल**	
1.	कच्चा तेल	314 रु० प्रति० मी० टन
2.	प्राकृतिक गैस	कुंए के मुहाने पर प्राकृतिक गैस की 10%

* खनिज-वार दरें भारत सरकार, खान मंत्रालय की 5.5.87 की अधिसूचना सा० का० नि० 45.8(ङ) के साथ पठित दिनांक 17 फरवरी, 1992 की गजट अधिसूचना सं० 71 में दी गई हैं।

** इन दरों का विस्तृत ब्यौरा भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की 1 अगस्त, 1991 की अधिसूचना सा० का० नि० 51(ङ) में दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश में तांबे के भण्डार

2922. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की गड़सा घाटी में पटपानी नामक स्थान पर तांबे के भण्डारों का पता चला है और वहां पर पिछले कई वर्षों से सर्वेक्षण कार्य चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि गड़सा से पटपानी तक सड़क की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण सर्वेक्षण कार्य में बाधा आ रही है और वांछित मशीनरी गड़सा घाटी से पटपानी तक नहीं पहुंच पायी है;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा अब तक किए गए सर्वेक्षण और गवेषण के फलस्वरुप, जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) की गड़सा घाटी में नरोल के पास तांबा खनिजीकरण का पता चला है।

(ख) और (ग) हालांकि गड़सा से नरोल तक सड़क की स्थिति बहुत खराब है, फिर भी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण इस क्षेत्र में गवेषण कार्य जारी रखे हुए हैं।

हिमाचल प्रदेश में धातुओं की खोज

2923. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने हिमाचल प्रदेश में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो इस सर्वेक्षण के आधार पर किन-किन स्थानों में, किस-किस धातु की अनुमानतः कितनी-कितनी मात्रा होने का पता चला है;

(ग) क्या इस सर्वेक्षण के आधार पर कोई खनन कार्य आरंभ हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर और इस संबंध में नवीनतम स्थिति क्या है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) जी हां।

(क) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा किए गए सर्वेक्षण के फलस्वरूप, हिमाचल प्रदेश में—जिला—कुल्लू में गड़सा घाटी में तांबा, जिला सिरमोर में अनियार अम्बोता में सीसा और जस्ता, लाहोल-स्पीति जिले में बरशीगड़ी में एन्टीमनी अयस्क के छुटपुट भंडार, ज़िला किन्नौर के अक्पा-यांगथांग, मंडी जिले के पानडोह-कारसोग और जिला चम्बा के डलहौजी क्षेत्र में टिन-टंगस्टन तथा लीथियम अयस्क, जिला बिलासपुर के घुमारविन क्षेत्र में स्वर्ण, जिला सोलन के पधान और बनूह क्षेत्र में आधार धातु (तांबा, सीसा, जस्ता अयस्क के गौण भंडार) तथा जिला सोलन के आरकी सब-डिविजन ताल क्षेत्र में जस्ता-सीसा और कैडमियम अयस्क का पता लगाया गया है। अन्वेषण कार्य प्रारंभिक चरणों में है और अब तक प्राप्त आंकड़े भंडारों के अनुमान के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।